तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

6 नए शिक्षा सत्र से एसजीजीयू शिक्षण विभाग अंतर्गत करेगा नए 25 पाठ्यक्रमों का संचालन



## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर विशाल शोभायात्रा 19 को



**अम्बिकापुर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती के समस्त कार्यक्रमों एवं शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सरगुजा सर्व ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी ने सभी से परिवार सहित भगवान परशुराम शोभायात्रा, अखंड रामायण एवं समस्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होने और सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता का अनुरोध किया है। समाज के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता श्री तिवारी ने सरगुजा जिले के सभी ब्लॉकों, ग्रामों में निवासरत ब्राह्मण परिवारों, ब्लॉक इकाई, पंचायत इकाई सहित सभी युवा प्रकोष्ठ ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों ने इस गरिमामयी कार्यक्रम में योगदान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 19 अप्रैल को शाम 4 बजे भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा मां दुर्गा मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर देवीगंज रोड स्कूल रोड होते हुए रामानुजगंज मार्ग केनाबांध स्थित भगवान परशुराम मंदिर में संपन्न होगी जहां पर विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे तथा भण्डारा प्रसाद पश्चात समाप्त होगा।

### शौर्यवर्धन ने जीता रजत पदक

विश्वव्यापी सुपर लीग ओपन अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप ताइक्वांडो में शौर्यवर्धन सिंह ने रजत पदक जीता जयपुर में 10 से 12 तारीख तक आयोजित वर्ल्ड वाइड सुपर लीग ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में 48 किलोग्राम वजन वर्ग में खेलते हुए शौर्यवर्धन सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। शार्य वर्धन सिंह माउंट लिटरा स्कूल अम्बिकापुर के छात्र है। ताइक्वांडो में अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें विशेष कोचिंग हेतु हैदराबाद बुलाया गया है।



### ज्वेलर्स को पीतल की अंगूठी देकर ले गए मंगलसूत्र

**प्रतापपुर।** सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट खरीदने बहाने युवकों ने ज्वेलर्स दुकान संचालक को चकमा देकर अपने पास रखे पीतल के अंगूठी को सोने का बताया कर मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। नगर के मुख्य मार्ग कदमपारा चौक स्थित प्रियंका ज्वेलर्स में पीतल की अंगूठी के बदले सोने का मंगलसूत्र की ठगी करने का मामला सामने आया है जहां दो व्यक्तियों ने आकर मंगलसूत्र का लॉकेट देखने की बात कही जिसके बाद दुकानदार द्वारा मंगलसूत्र दिखाया गया। इसी बीच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने पास रखे एक अंगूठी दिखाकर उसकी कीमत पूछी। जिस पर दुकानदार ने अंगूठी की कीमत लगभग 57 हजार 500 रुपए का होना बताया तो अज्ञात व्यक्तियों ने अंगूठी के बदले मंगलसूत्र का भुगतान करने तथा शेष 2 हजार राशि बाद में समायोजित करने का झांसा दिया। साथ ही बातों में उलझा कर दोनों ने मंगलसूत्र लेकर दुकान से फरार हो गए। कुछ समय बाद दुकानदार द्वारा जब अंगूठी की जांच की तो वह पीतल का निकला। दुकानदार के अनुसार दोनों आरोपी पैदल आए थे जिससे यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि उन्होंने अपना वहां से कुछ दूरी पर खड़ा किया होगा। घटना की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर धोखाधड़ी करने वाले लोगों को जल्द जल्द पकड़ने को लेकर व्यापारी संघ में थाना प्रभारी से चर्चा की। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कार्रवाई चल रही है। सीसी कैमरा फुटेज और वीडियो के आधार पर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सरगुजिहा बोलने पर बच्चे को स्कूल में एडमिशन देने से किया इनकार, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में एक बच्चे को सिर्फ इस आधार पर स्कूल में प्रवेश नहीं दिया गया कि बच्चा सरगुजिहा भाषा में बोलता है। स्कूल प्रबंधन पर यह आरोप बच्चे के अभिभावक ने लगाते हुए इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। शिकायत के बाद कलेक्टर ने मामले में जांच के निर्देश दिए है। इधर इस घटना के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की प्रतिक्रिया आई है और उन्होंने ऐसे स्कूल बन्द कर देने की बात कही है जबकि एनएसयूआई ने स्कूल का पंजीयन रद्द करने की मांग की है। दिनभर चले बवाल के बाद पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की पहल पर बच्चे को दूसरे निजी स्कूल में दाखिला दिलाया है।

- निजी स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग, पूर्व डिप्टी सीएम ने उठाए सवाल, निजी स्कूल में कराया गया प्रवेश

बताया जा रहा है कि अम्बिकापुर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले राजकुमार यादव अपने 4 वर्षीय बेटे सत्यम का एडमिशन शहर के चोपड़ा पारा स्थित प्री प्राइमरी स्कूल स्वरंग किड्स एकेडमी में कराने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों ने कुछ सवाल पूछे जिसका जवाब बच्चे ने सरगुजिहा में दिया। इसके बाद बच्चे को प्राचार्य ने डेमो क्लास में भेजने को कहा। परिजन के अनुसार डेमो क्लास के बाद स्कूल ने यह कहते हुए बच्चे का नर्सरी में एडमिशन लेने से इनकार कर दिया, यहां बड़े घरों के बच्चे पढ़ते हैं। वे आपके बच्चे की भाषा सीख जाएंगे, इसलिए उसे एडमिशन नहीं दे सकते।



### एनएसयूआई ने की कार्रवाई की मांग

बच्चे को सरगुजिहा बोलने पर एडमिशन नहीं देने का मामला सामने आने के बाद सवाल खड़े हो गए है। इस मामले को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने नाराजगी जाहिर की वहीं एनएसयूआई ने मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। एनएसयूआई ने शिक्षा के अधिकार कानून और सरगुजिहा भाषा की संस्कृति, भाषा, सामाजिक पहचान का अपमान बताया। उन्होंने इस मामले में जांच कार्रवाई के साथ ही इस बात को सुनिश्चित करने की मांग की है कि भविष्य में बोली भाषा के आधार पर किसी को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जाए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष के निर्देश पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल, आकाश यादव, ऋषिकेश मिश्रा, अंकित जायसवाल, ऋसभ जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, अभिषेक सोनी, संजर नवाज, अतुल यादव, ऋसभ राय आदि मौजूद थे।

### निजी स्कूल का आचरण शिक्षा अधिकार अधिनियम के विपरीत: सिंहदेव

भाषा के आधार पर एक 4 वर्ष के बच्चे को दाखिला नहीं देना अनुचित है साथ ही शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है। एक 4 वर्ष के बच्चे को उसके पालक किसी स्कूल में इस लिये दाखिला कराते हैं ताकि स्कूल उस बच्चे का भविष्य गढ़ सके। लेकिन यह अफसोस की बात है कि सरगुजा की लोकप्रिय आम बोलचाल की भाषा में रचे बसे बच्चे को सरगुजा का ही एक निजी स्कूल प्रवेश देने से मना कर रहा है। कमी बच्चे में नहीं, वो तो अपने नैसर्गिक वातावरण में है, कमी स्कूल मैनेजमेंट की अभिजात्य वर्गीय सोच की है।

### बचपन प्ले स्कूल में बच्चे का एडमिशन

इधर इस मामले में पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की पहल पर इस बच्चे को बचपन प्ले स्कूल में प्रवेश मिल गया है। उनके निर्देश पर शुक्रवार को एनएसयूआई सरगुजा की टीम ने बच्चे और उसके अभिभावकों के साथ बचपन प्ले स्कूल जाकर उस बच्चे का निः शुल्क एडमिशन कराया है। स्कूल के संचालक प्रतीक दीक्षित ने कहा कि शिक्षा सहित अन्य सेवाओं में भाषाई आधार पर भेदभाव उचित नहीं है। भाषाई आधार पर योग्यता का आकलन गलत है।

स्कूल के इस बर्ताव से बच्चे के परिजन परेशान है। राजकुमार यादव का कहना है कि घर में सभी लोग सरगुजिहा बोली में ही बात करते हैं। इस कारण बेटा सत्यम सिर्फ सरगुजिहा जानता है। उसे उम्मीद थी कि स्कूल में एडमिशन मिलने पर वह हिंदी सीख जाएगा। शुक्रवार को उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर अजीत वसंत से की है। शिकायत के बाद कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए है।

### भविष्य को देखते हुए निर्णय

डेमो क्लास में टीचर्स बच्चे की बात नहीं समझ पा रहे थे, न ही बच्चा अपनी बात टीचर्स को बता पा रहा था। यह बात पेरेंट्स से भी शेयर की थी। बच्चे के भविष्य को देखते हुए एडमिशन से मना किया। आरोप गलत है और हमारे स्कूल का पिछले वर्ष से यही प्रोसीजर रहा है।
नेहा सिंह, प्रिंसिपल

### दिए है जांच के निर्देश

छात्र संगठन और मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। डीईओ को मामले की जांच करने और शिकायत सही मिलने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

-अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा

## ग्राम पंचायत रोपाखार में प्रशासन ने की कार्रवाई

# अवैध अतिक्रमण पर मैनपाट में प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, ढहाए गए तीन मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रशासन ने शुक्रवार को पर्यटन स्थल मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत रोपाखार में शासकीय भूमि पर बने अवैध मकानों को ढहाने की कार्रवाई प्रारम्भ की। लोगों के भारी विरोध के बीच प्रशासन ने अतिक्रमण कर बने तीन मकानों को ढहाया। अवैध अतिक्रमण में बने शेष मकानों पर प्रशासन कभी भी कार्रवाई कर सकता है।

**खास बात**

- गांव के 44 अवैध अतिक्रमणकारियों को जारी की गई थी अंतिम नोटिस

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत रोपाखार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान बनाया है। अवैध अतिक्रमण हटाने प्रशासन सभी अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर चुका है। नोटिस की मियाद खत्म होने के बाद शुक्रवार को सुबह गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी देख ग्रामीणों में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पुलिस बल को देख व अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की भनक लगते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। कुछ समय बाद प्रशासनिक टीम बुल्डोजर लेकर पहुंची एवं अधिकारियों ने शासकीय भूमि पर बने अवैध निर्माणों को हटाने टीम को निर्देशित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक कार्रवाई को रोकने की मांग की लेकिन टीम पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अतिक्रमण हटाने के पूर्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को घरों में रखे सामानों को निकालने का समय दिया तथा ग्रामीणों द्वारा घरों का सामान निकालने के उपरांत अवैध मकानों को बुलडोजर से ढहाकर जमींदोज कर दिया गया। प्रथम चरण में शुक्रवार को 3 मकान सहित मार्ग के किनारे अवैध रूप से संचालित ठेले-गुमटियों को भी हटाया गया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क किनारे की भूमि पर अवैध मकान-दुकान बनाने से सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी तथा आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। ग्राम पंचायत रोपाखार में हर साल प्रशासन द्वारा मैनपाट कार्निवाल का आयोजन किया जाता है। इस तीन दिवसीय कार्निवाल में राष्ट्रीय स्तर के कलाकार एवं दूर-दूर के पर्यटक पहुचंते है। कार्निवाल स्थल पर जाने वाले मार्ग के किनारे की भूमि पर लोगों ने अतिक्रमण कर अवैध दुकान एवं मकान बना लिया है।

इस दौरान एडिशनल एसपी अमोल सिंह ढिल्लों, एसडीएम राम सिंह ठाकुर सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



हटाए गए अतिक्रमण।



मौके पर अधिकारीव तैनात पुलिस बल।

### पर्यटन के लिए नहीं मिल रही जगह

बताया जा रहा है कि ग्राम रोपाखार स्थित कार्निवाल स्थल के विकास के लिए शासन द्वारा माल रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। निर्माण स्थल पर ही ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान व दुकान बना दिया है। प्रशासन द्वारा इसी उद्देश्य से 44 अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण होने के कारण ग्राम रोपाखार में ही पर्यटन विकास के लिए जगह उपलब्ध नहीं हो रही है। कुछ दिनों पूर्व प्रशासनिक टीम ने अवैध अतिक्रमण में बने गांव की विधवा रामबाई का घर ढहा दिया था। प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया था तथा प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था।

### गांव-गांव में अवैध अतिक्रमण

अवैध अतिक्रमण एवं फर्जी तरीके से शासकीय भूमि को हथियाने के मामले में मैनपाट लम्बे अर्से से चर्चा में रहा है। दो वर्ष पूर्व ही क्षेत्र के दबंगों द्वारा फर्जी पट्टे के आधार पर लगभग दो हजार एकड़ भूमि हथियाने का खुलासा हुआ था। दंबगों ने बड़े पैमाने पर शासकीय भूमि को अपने नाम करा लिया था तथा विभिन्न बैंकों से करोड़ों रूपए का ऋण हासिल करने के साथ ही समितियों में धान खपा रहे थे। इस खुलासे के बाद प्रशासन ने ऐसे भूखण्डों को निरस्त कर शासकीय मद में दर्ज किया था। अभी भी ग्रामीणों ने बड़े पैमाने पर शासकीय भूखण्डों पर अपना कब्जा जमाया है। प्रशासन ने ऐसे अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर दिया है लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई है।

### की गई है कार्रवाई

सड़क किनारे की भूमि पर बने अवैध अतिक्रमण में बने 3 अवैध मकानों को ढहाया गया है। प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-ठाकुर राम सिंह
एसडीएम, सीतापुर

# हाथी ने बाइक सवार को कुचलकर मारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में हाथी-मानव संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। दो दिनों के भीतर हाथी के हमले से दो लोगों की मौत हो गई है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

- दो दिन में दो ग्रामीणों की मौत से दहशत का माहौल

ताजा घटना गुरुवार 16 अप्रैल की है। अंबिकापुर से सब्जी बेचकर बाइक से घर लौट रहे अखोराकला घाघी टीकरा निवासी सोहन सिंह (45 वर्ष), पिता जगरनाथ सिंह का घाघी जंगल में हाथी से सामना हो गया। अचानक सामने आए हाथी को देखकर वह घबरा गया और सीधे उसके करीब पहुंच गया। हाथी ने उसे पटककर पैर से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान हाथी ने उसकी बाइक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना शाम करीब 4 से 4.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद मर्ग कायम किया गया है।

गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले 15 अप्रैल को कल्याणपुर के कोटबहरा निवासी केशव भोई की भी हाथी के हमले में मौत हो गई थी। वह मजदूरी कर अपने साथी महिला को छोड़ने उसके घर जा रहा था, तभी जंगल में हाथी ने उसे पैर से रौंद दिया। इस घटना में बाइक पर सवार महिला किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रही। लगातार हो रही घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने केशव भोई के शव को बनारस मार्ग पर रखकर करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया था। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी के बाद एसडीएम और वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मृतक परिजनों को 50 हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि और पत्नी को अस्थायी नौकरी देने का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। दो दिनों में दो मौतों के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की निगरानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### हाथियों के निगरानी के लिए बढ़ाए दो वाहन

हाथी मानव संघर्ष में दो दिन के भीतर दो लोगों की मौत से ग्रामीण दहशत में जीवन बिताने मजबूर हैं।वही वन अमले ने पेट्रोलिंग के लिए दो वाहन लटोरी सर्किल को उपलब्ध कराया है,इसके साथ ही वन कर्मियों को शिफ्ट वाइज ड्यूटी भी लगाई गई है।जो लोगों को हाथियों के मूवमेंट से अवगत कराएंगे,इसके अतिरिक्त हांथी मित्र दल में नए सदस्यों को जोड़ उन्हें हाथियों के मूवमेंट की जानकारी मोबाइल वाट्सअप ग्रुप में साझा करने सहित माइक से लोगो को आगाह करते रहने कहा गया है।

### मोहनपुर में पांच हाथियों ने डाला डेरा

वन अमले के अनुसार वर्तमान में मोहनपुर में पांच हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है।वही दो लोगों को मौत के घाट उतारने वाला हांथी कल्याणपुर होते राजपुर पहुंच गया है।वन अमले ने ग्रामीणों को आगाह किया है कि दल से बिछड़ा हाथी कभी भी लौट सकता है।इसलिए जंगल में अकेले न जाएं।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बस, एक की मौत, कई यात्री घायल

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर गुरुवार की मध्यरात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहार-झारखंड से अंबिकापुर आ रही रॉयल यात्री बस क्रमांक सीजी 06 जीवाई 0729 ग्राम कल्याणपुर नवापारा के पास सड़क किनारे खराब हालत में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे 2971 से पीछे से टकरा गई।

बताया गया कि ट्रक चालक द्वारा कोई भी सुरक्षा संकेत या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था जिसके कारण घोर अंधेरा होने पर यह दुर्घटना घटित हुई। घटना रात करीब 11.30 से 11.45 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे चालक को खड़ी ट्रक का अंदाजा नहीं लग सका।



तेज रफ्तार होने के कारण बस को नियंत्रित करना भी संभव नहीं हो पाया। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना में दर्जनभर यात्री घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। वहीं एक यात्री की मौत की खबर है। सूचना मिलते ही लटोरी और खड़गवां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को चौकी परिसर में खड़ा कर लिया है। बस में सवार अधिकांश यात्री पलामू जिले के छतरपुर, कल्याणपुर, बरगढ़, रामानुजगंज और भंडरिया क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

## आरओ विभाग के इंजीनियर का रास्ता रोककर किया प्रदर्शन

# नाली की ऊंचाई को लेकर नगरवासियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में हो रहे नाली निर्माण की ऊँचाई को लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश है।आरओ विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर के बलरामपुर जाने की जानकारी लगते ही नगर वासियों ने महुआपारा हॉस्पिटल के समीप रास्ता रोक सड़क पर धरना प्रदर्शन कर जमकर नारे बाजी की।

राजपुर में बन रहे नाली की ऊँचाई को लेकर नगरवासियों ने एक बार फिर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। नगरवासियों को जैसे ही सूचना मिला की रायपुर से आरओ डिपार्टमेंट में पदस्थ एक्सक्यूटिव इंजीनियर आ रहे हैं तो नगरवासियों की भीड़ महुआपारा राम हॉस्पिटल के पास जुटने लगे। देखते ही देखते नगरवासियों की भारी भीड़ जमा हो गई। जैसे ही एक्सक्यूटिव इंजीनियर पहुंचे लोगों ने सड़कों और आ गए और उनका वाहन को रोक लिया। जिसके बाद नगरवासियों ने उन्हें वाहन से उतरकर बात करनी चाही परंतु काफी समय तक इंजीनियर वाहन में ही बैठे रहे। इंजीनियर के वाहन से नहीं उतरने तथा उनकी बातों को नजर अंदाज करने पर नगरवासी उग्र हो गए और सड़क पर दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस बीच एनएच के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। नगरवासियों के उग्र रवैये को देख इंजीनियर अपने वाहन से उतरकर नगरवासियों से बात की। नगरवासियों की एक ही मांग थी कि नगर में बन रहे नाली की ऊँचाई को कम किया जाए। नगरवासियों ने कहा कि वर्तमान सड़क के हिसाब से नाली का निर्माण कराया जाए और सड़क को लेबल तक करने की बात कहीं। नाली की ऊंचाई काफी ज्यादा हो रहा है जिससे आने वाले दिनों में शहरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। काफी देर तक बातचीत के बाद एक्सक्यूटिव इंजीनियर ने आश्वासन दिया कि राजपुर में बन रहे नाली की ऊंचाई करीब आधा मीटर कम करने हेतु आरओ रायपुर से बात कर कराने की कोशिश करेंगे। आश्वासन के बाद नगरवासियों ने धरना आंदोलन समाप्त किया।



# एनएच 130 पर बाइक व ट्रक में टक्कर, बाइक सवार की मौत

**लखनपुर।** एनएच 130 पेट्रोल पंप के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब ट्रक व बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक के चेहरे में गंभीर चोट लगने के कारण बाइक सवार की पहचान नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 130 स्थित पेट्रोल पंप के समीप बाइक और ट्रक में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अंबिकापुर की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीएस 7684 जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप पहुंया तभी लखनपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाइक क्रमांक सीजी 29 ए 3196 की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक के सिर व चेहरे में गंभीर चोट लगने पर मौके पर मौत हो गई। मृतक के चेहरा क्षत विक्षत होने से उसकी पहचान नहीं हो सकी। दुर्घटना में बाइक के सामने का हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। इधर घटना की सूचना पर लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंच शव की पहचान के लिए अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है। गौरतलब है कि एनएच 130 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में भय माहौल बना हुआ है। पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने हेतु लगातार थाने के सामने सघन वाहन चेकिंग कर यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने की समझाइए दी जा रही है।




LCIT PUBLIC SCHOOL
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
L C I T
Success is the result of consistent effort and determination.
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence.
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
Vaishali Nagar, Phase-II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.)495001
lcitps.edu.in lcitbloomingbuds@gmail.com lcit_blooomingbuds_bilaspur
9516167123 , 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

## खबर संक्षेप

### 200 शौचालयों की सफाई से बदली तस्वीर

मनेन्द्रगढ़। जिले में स्वच्छता अभियान को नई गति मिल रही है, जहां स्वच्छता प्रहरियों ने सफाई के साथ-साथ आजीविका का सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है। शौचालयों की मरम्मत और सफाई के जरिए अब तक 275 यूनिट दुरुस्त कर 63,230 की आय अर्जित की गई है। स्वच्छता प्रहरियों ने केवल सफाई ही नहीं, बल्कि क्षतिग्रस्त और बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत पर भी विशेष ध्यान दिया। जाम यूरिनल पैन, बंद पाइप लाइन, चैंबर सफाई और टाइल्स फिटिंग जैसे कार्यों से कई शौचालय फिर से उपयोग में आ गए हैं। अब तक करीब 200 शौचालयों की नियमित सफाई की जा चुकी है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित उपयोग की सुविधा मिल रही है, इससे गांवों में स्वच्छता का स्तर बेहतर हुआ है। इस पहल का असर साफ दिखाई दे रहा है। जहां पहले कई शौचालय अनुपयोगी थे, वहीं अब उनके उपयोग बढ़ने से खुले में शौच की प्रवृत्ति में कमी आई है और लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### मन की बात कार्यक्रम के मनोज बने जिला संयोजक

बैकुण्ठपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए मनोज साहू को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है।



श्री साहू लंबे समय से संगठन के प्रति सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी कार्यशैली, लगन और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला संयोजक के रूप में श्री साहू का प्रमुख दायित्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के विचारों एवं संदेशों को जिले के प्रत्येक बूथ, शक्ति केन्द्र एवं आमजन तक पहुंचाना होगा।

### फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन 19 को

मनेन्द्रगढ़। एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग चैनपुर में 19 अप्रैल को फ्रेशर्स एवं फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार, इस विशेष आयोजन में नए विद्यार्थियों का स्वागत तथा वरिष्ठ विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी सौहार्द बढ़ाना, नए छात्रों को संस्थान के माहौल से परिचित कराना है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियां तथा विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा।

### दिव्यांग रामकृपाल को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

मनेन्द्रगढ़। जनपद भरतपुर के ग्राम कुदरा निवासी दिव्यांग रामकृपाल अगरिया पिता हीरालाल अगरिया के लिए यह दिन नई उम्मीद और खुशियों की सौगात लेकर आया। रामकृपाल अगरिया, जो लंबे समय से आवागमन की समस्या से जूझ रहे थे, अपनी समस्या लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी स्थिति को समझते हुए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए मामले पर संज्ञान लिया। डिप्टी कलेक्टर के निर्देश के बाद आवश्यक औपचारिकताओं को तेजी से पूर्ण किया और कुछ ही समय में रामकृपाल को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान कर दी गई

### पीएमजीएसवाई फेज-04 के कार्यों का शिलान्यास

मनेन्द्रगढ़। प्रदेश में ग्रामीण विकास को नई गति देने की दिशा में 17 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई आईवी 2025-26 के अंतर्गत सड़कों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय एसएजीईएस ऑडिटोरियम, मनेन्द्रगढ़ में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में विकास कार्यों की औपचारिक शुरूआत हुई। कार्यक्रम में विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की, वहीं जिला पंचायत एमसीबी की अध्यक्ष यशवंती सिंह कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के लिए यह योजना बड़ी सौगात लेकर आई है। जिले में कुल 56 सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है, जिन पर 23,667.83 लाख रूपए व्यय किए जाएंगे। इन सड़कों की कुल लंबाई 264.63 किमी होगी, जिससे दूरस्थ गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

---

**3 साल बाद भी अपडेट नहीं, लोग परेशान**

**जिले का नाम बदलवाने में लग रहा 150 अतिरिक्त खर्च, आधार केन्द्रों के चक्कर काट रहे नागरिक**

# एमसीबी जिले के लोगों के आधार कार्ड में अब भी कोरिया का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला (एमसीबी) के 9 सितंबर 2022 को गठन के बाद भी आज तक बड़ी संख्या में नागरिकों के आधार कार्ड में पुराने जिले कोरिया जिला का नाम दर्ज है।

जिला गठन को तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आधार डाटा अपडेट नहीं होने से आम लोग लगातार परेशान हो रहे हैं। जिले के लोगों का कहना है कि उन्हें हर छोटे-बड़े काम के लिए आधार कार्ड में सही जिला नाम की आवश्यकता पड़ती है, लेकिन कोरिया की जगह एमसीबी दर्ज कराने के लिए बार-बार आधार सेवा केन्द्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि नाम सुधार के लिए नागरिकों को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ रहा है। कई लोग बताते हैं कि बार-बार दस्तावेज अपडेट कराने और प्रिंट निकलवाने में उनकी जेब पर अनावश्यक बोझ पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जहां आधार अपडेट केन्द्र सीमित हैं।




उन्हें कई किमी दूर जाकर आवेदन करना पड़ता है, फिर भी प्रक्रिया लंबी और जटिल बनी हुई है। गौरतलब है कि एमसीबी जिले का शुभारंभ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था, लेकिन विभागीय स्तर पर समन्वय की कमी के कारण आज तक सरकारी रिकॉर्ड और आधार डेटा में एकरूपता नहीं आ पाई है।

बहरहाल, एमसीबी जिला बनने के तीन साल बाद भी यदि आधार जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज में पुराने जिले का नाम दर्ज है, तो यह सिस्टम की बड़ी खामी को उजागर करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

### प्रशासन पर उठे सवाल

जिला गठन के बाद स्वतः डेटा अपडेट क्यों नहीं हुआ, आम जनता से बार-बार शुल्क क्यों लिया जा रहा है, क्या सरकार इस प्रक्रिया को सरल और निःशुल्क करेगी। जिले के नागपुर निवासी जगलाल, मो. फारुख, मो. तौसीफ ने बताया कि बैंक, राशन समेत कई कार्यों में पुराने जिले के नाम को लेकर आपत्ति आती है, सुधार कराने जाने पर 150 रुपए चार्ज के साथ काफी समय लग जाता है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आधार कार्ड में जिले का नाम स्वतः अपडेट किया जाए या कम से कम इसे निःशुल्क और सरल बनाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

---

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों का शुभारंभ**

# विकास के दो पहिए सड़क और डिजिटल सुविधा



फीता काटकर शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को जशपुर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के अंतर्गत विभिन्न सड़कों के शुभारंभ एवं शिलान्यास के साथ ही कोरिया जिले को एक और महत्वपूर्ण सौगात दी।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर ब्लाक में 6235.68, सोनहत में 4528.58, खड़गवां में 10474.50 लाख की लागत से सड़कों का निर्माण होना है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती सुनीता कुर्रे, जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, पीएमजीएसवाई के ईई दिलीप कुमार मिंज समेत अन्य लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य में कुल 774 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनकी कुल लंबाई 2,426.875 किमी है। इन सड़कों के निर्माण के लिए 2,225.44 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना से प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं वर्चुअल माध्यम से जिले में निर्मित 14 अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों का लोकार्पण किया, जो अब ग्रामीणों को आधुनिक डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। इन केन्द्रों का निर्माण वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं के तहत लगभग 70 लाख रूपए की लागत से किया गया है। सभी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और अब ये ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार का सशक्त माध्यम बनेंगे। जिले के दो प्रमुख जनपद पंचायतों बैकुंठपुर और सोनहत में इन केन्द्रों की स्थापना की गई है। बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत जमगहना, नगर, सलबा, मुरमा, मनसुख, तेंदुआ और डुमरिया ग्राम पंचायतों में केन्द्र बनाए गए हैं। वहीं सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत अकलासरई, पुसला, सोनहत, कुशहा, संदरपुर, रामगढ़ और आनंदपुर ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुविधा केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कोरिया जिले में 14 अटल डिजिटल सुविधा केन्द्रों का शुभारंभ ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

**गांवों के विकास की रीढ़ है सड़क**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण करते हुए कहा कि राज्य निर्माण के साथ-साथ गांवों के समग्र विकास के लिए सड़क सबसे आवश्यक आधार है। उन्होंने कहा कि भारत गांवों का देश है और हमारी आत्मा गांवों में बसती है। बिना सड़क के गांव का विकास संभव नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश के दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस योजना को नई गति और व्यापकता मिलने की बात कही।

---



# जवानों को दिए मानसिक स्वास्थ्य के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पुलिस लाइन बैकुंठपुर में शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. आभा शशि कुमार उपस्थित रहीं। आयोजन एवं संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस बल को शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना रहा, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक कुशलता से कर सकें। इस दौरान डॉ. आभा शशि कुमार ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से तनाव से निपटने के प्रभावी उपाय बताए और जवानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान भी सुझाए। कार्यक्रम में साइकोलॉजिस्ट डॉ. सोमा नायर ने वन-टू-वन परामर्श के जरिए अधिकारियों व कर्मचारियों की भावनात्मक स्थिति को समझते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. ज्योति शर्मा और कामनी तिवारी द्वारा काउंसलिंग सत्र आयोजित कर पारिवारिक एवं कार्यस्थल से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर समाधान के उपाय बताए गए। इस अवसर पर पुलिस काउंसलर वित्त बाला श्रीवास्तव, कल्पना शर्मा, कविता मंडल, अधिवक्ता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाल अधिकारी श्री पांडे की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला के अंत में अतिथि विशेषज्ञों को पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। पुलिस प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही, ताकि पुलिस बल तनावमुक्त होकर बेहतर कार्य कर सके और समाज के साथ समन्वय मजबूत बना रहे।

- पुलिस लाइन बैकुंठपुर में तनाव प्रबंधन कार्यशाला

---

## एमए अर्थशास्त्र की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में एमए अर्थशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की 20 छात्राओं ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पवन कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस राउटे ने छात्राओं को जिले में कुपोषण दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे मोदक लड्डू कुपोषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बैकुंठपुर क्षेत्र में संचालित समूह द्वारा लगभग 12 महिलाएं इस कार्य से जुड़ी हैं और गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से इनका वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक मोदक लड्डू का वजन करीब 25 ग्राम होता है, जिसकी कीमत 12 रूपए हैं, जबकि इसकी लागत लगभग 5 रूपए आती है। इस प्रकार प्रति लड्डू लगभग 7 रूपए का लाभ प्राप्त हो रहा है। गर्भवती महिलाओं को प्रतिदिन सुबह-शाम दो लड्डू दिए जाते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। प्राप्त ऑकड़ों के अनुसार जुलाई 2025 में जिले में बाल कुपोषण का प्रतिशत लगभग 12 प्रतिशत था, जो वर्तमान में घटकर 7.72 प्रतिशत रह गया है। यह सुधार जिले के समग्र विकास के लिए सकारात्मक संकेत है। सहायक ग्रेड-1 श्रीमती छाया मिश्रा ने बताया कि मोदक लड्डू रागी, घी और गुड़ जैसे पोषक तत्वों से तैयार किए जाते हैं, जो गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

---

## पुलिया निर्माण में भारी गड़बड़ी, बेस में कंक्रीट की जगह भरे जा रहे पत्थर

**मानकों के विपरीत बोल्डर के सहारे कर रहे ढलाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुल पुलिया सहित अन्य निर्माण को मजबूती मिले और ज्यादा टिकाऊ हो इसके लिए हमेशा नींव की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे में अगर नींव ही कमजोर हो तो पुल पुलिया कितना मजबूत होगा यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम कौशलपुर भैसामुडा की है जहां ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी तथा लंबे समय से की जा रही मांग पर ग्राम कौशलपुर में पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई। हैरानी की बात यह है कि लाखों की लागत से पुलिया निर्माण शुरू किया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान ही नहीं है। आलम यह है कि पुलिया के बेस निर्माण में ही भारी लापरवाही बरती जा रही है। कंक्राट की जगह बेस की ढलाई बड़े बडे पत्थरों से की जा रही है। पुलिया निर्माण मानक अनुरूप नहीं होने पर लोगों में काफी आक्रोश है।

जिले के रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कौशलपुर भैसामुडा में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही पुलिया वर्तमान में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। पुलिया के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी बेस के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।



निरीक्षण करते कांग्रेस मीडिया प्रभारी, इनसेट में पत्थर डालते जेसीबी।

**आंदोलन की चेतावनी**

अविनाश साहू ने निरीक्षण के दौरान ही कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग अधीक्षक, अभियंता और कार्यपालन अभियंता को दूरभाष पर पुलिया निर्माण में गुणवत्ता के विपरीत निर्माण करने पर आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही वर्तमान बोल्डर युक्त बेस को तुरंत ध्वस्त करने, उच्च स्तरीय तकनीकी टीम द्वारा लैब टेस्ट कराने तथा दोषी इंजीनियरों और ब्लैक लिस्टेड होने योग्य ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि प्रशासन 24 घंटे के भीतर सकारात्मक रूख नहीं दियाया तो जिला कांग्रेस कमेटी उग्र जन आंदोलन करेंगी।

---

## नारी शक्ति वंदनः अब महिलाएं आसमान की ऊंचाईयां छू सकेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने जश्न मनाकर और मिठाई बॉटकर खुशिया मनाई। इस अधिनियम को लेकर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ श्रीमती अनिता तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में यह संभव हो पाया है।

पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए श्रीमती तिवारी ने कहा कि महिलाएं घर की चार दीवारी से बाहर निकल कर आसमान की ऊंचाईयों को छुते हुए यह साबित करने में सफल रही कि नारी हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम है। नारी शक्ति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहचाना और उन्हें सम्मानित करने नीत निर्मण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करने का अवसर प्रदान किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।





**महिलाएं और अधिक मजबूत होगी_** भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती शिल्पा शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि पीएम मोदी है तो सब संभव है।

---

**500 में से 498 अंक मिले, गणित लेकर करेंगे पढ़ाई**

# चिरमिरी डीएवी के छात्र चिन्मय को मिले 99.6%

**बैकुंठपुर।** सीबीएसई द्वारा जारी कक्षा 10 वीं के रिजल्ट में चिरमिरी जिले के डीएवी बरतुंगा के छात्र चिन्मय प्रकाश रे 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक मिले परिणाम के मुताबिक चिन्मय सेंकेड स्टेट टापर है। उन्हें कुल 500 में से 498 अंक मिले हैं। उनसे आगे दुर्ग डीपीएस की अध्याशा परिदा हैं जिन्हें 500 में 499 अंक मिले हैं। चिन्मय आगे गणित लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं और उनके टारगेट आईआईटी क्रैक करना है। इसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

- सीबीएसई 10 वीं के नतीजे

15 अप्रैल 2026 को जारी सीबीएसई कक्षा 10वीं के नतीजों में चिरमिरी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। डीएवी चिरमिरी के 12 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। इसमें डीएवी बरतुंगा के छात्र चिन्मय प्रकाश रे 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ सेकेंड स्टेट टापर बने हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गौरतल है कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भले ही 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मैरिट लिस्ट जारी करना बंद कर दिया हो, लेकिन स्कूल अब भी अपने 'टॉपर' छात्रों के लिए जश्न मना रहे हैं।



### आईआईटी क्रैक करना ही अब टारगेट

चिन्मय की मां श्रीमती सुमित्रा बसंत रे ने बताया कि हम बच्चों से कहना चाहते हैं कि परीक्षा में सफलता सराहनीय है, लेकिन यह अंतिम मंजिल नहीं है। समाज के लिए महत्वपूर्ण बनना ही असली लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि चिन्मय आगे गणित लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं और उनके टारगेट आईआईटी क्रैक करना है। इसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। चिन्मय के पिता श्रीवत्स बसंत रे चिरिमिरी एसईसीएल में माइनिंग विभाग में है। उन्होंने कहा कि बच्चों पर पढाई के लिए कभी दबाव नहीं डाला लेकिन अनुशासन जरूरी है।

### अनुशासन और समय प्रबंधन जरूरी

हरिभूमि से बात करते हुए चिन्मय ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, स्कूल के टीचर, अपने माता पिता, अनुशासन और समय प्रबंधन को दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि आगे चलकर वो इंजीनियर बने। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा अपना लक्ष्य को स्पष्ट रखा और नियमित पढ़ाई पर फोकस किया। कोचिंग के अलावा सेल्फ स्टडी के जरिए तैयारी की। चिन्मय को गणित में 100 में 99, साइंस में 100 में 99, सोशल साइंस में 100 में 100 और संस्कृत में 100 में 100 अंक मिले हैं।

---

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने विद्यालय के सफल संचालन के लिए प्राचार्य राजीव कुमार सिन्हा की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विद्यालय की गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक कुल 343 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह एक आवासीय विद्यालय है, जिसकी स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता,विकास दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### पहाड़ी मंदिर का धूमधाम से मनाया गया 12वां स्थापना दिवस

**रामानुजगंज।** जिले के प्रमुख आस्था केंद्र पहाड़ी मंदिर का 12वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन, आरती तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सुभाष जायसवाल ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से ही इसी दिन पहाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि यह मंदिर पूरे क्षेत्रवासियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होने पर खुशी जताई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सोनी ने भी मंदिर के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूर्व पार्षद अशोक गौड़ ने कहा कि दुर्गम स्थान पर माता का मंदिर स्थापित होना पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान अमीरचंद गुप्ता, अजय गुप्ता, राधेश्याम केसरी, महेश अग्रवाल,लाडो जायसावल, अमित गुप्ता, रवि सोनी, लालमन सोनी, अशोक केसरी, दिलीप केसरी, अंजीत अग्रवाल, उमा शंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शिक्षक तिवारी के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**कुसमी।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक चिंतामणि तिवारी ने अपनी अर्द्धवार्षिक आयु पूर्ण करते हुए 31 मार्च को लगभग 41 वर्ष की सेवा देने के पश्चात सेवानिवृत्ति हो गए। चिंतामणि तिवारी के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में गत दिन विद्यालय परिवार द्वारा विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर चिंतामणि तिवारी अपनी धर्मपत्नी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य कंचन कुसुम द्वारा की गई। प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा चिंतामणि तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। अपने उद्बोधन में चिंतामणि तिवारी ने अपने लंबे सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया। इस दौरान हरकेश भारती, कुमुदुनी मिंज, मुकेश यादव, संत कुमार कुशवाहा, विनीत पांडेय, इंद्रनाथ पैकरा, अमित गुप्ता, विपुल सिंह, पार्वती सोनवानी, सुबिन पाइक, सुभाष कुमार, कल्याणी एक्का, प्रेमा भगत, आशुतोष कुजूर, अनिता बोरकर, अर्चना भगत, जीत मणि, प्रमिला तिर्की, वीरेंद्र पैकरा, संजय लकड़ा, मानमती टोप्पो सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

### बाजार में खरीदारी करने आए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**सूरजपुर।** ग्राम पंपापुर साहू पारा निवासी संदीप साहू आ. गौरीशंकर साहू (21 वर्ष ) बुधवार को सूरजपुर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने बाइक क्रमांक सीजी 16 सीजे 2052 से आया था। युवक बाइक को तालाब के समीप खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### छात्रावास भवन में हो रहा संचालित

# सेमरा आईटीआई भवन 16 साल से निर्माणाधीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

आईटीआई व्यवस्थित तरीके से खुद के भवन में संचालित हो इसके मद्देनजर लगभग 16 साल पूर्व कुसमी अंतर्गत ग्राम सेमरा में आईटीआई भवन का निर्माण शुरू किया गया। हैरानी की हालत तो यह है कि भवन निर्माण शुरू हुए 16 साल हो चुके हे बावजूद इसके आज तक पूरी तरह से पूर्ण नहीं हो सकी। हालांकि संबंधित विभाग भवन के पूर्ण होने तथा हैंड ओवर के करने को तैयार है लेकिन आईटीआई प्राचार्य के मुताबिक भवन में कई काम बाकी और गुणवत्ताहीन भवन निर्माण किए जाने पर हैड ओवर लेने से इनकार कर दिया। ऐसे में नए आईटीआई भवन असामाजिक तत्वों का सुरक्षित पनाहगार बन गया है।

**खास बात**
- भवन को बताया गुणवत्ताहीन, आईटीआई प्राचार्य ने हैंड ओवर लेने से किया इनकार

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम सेमरा में साल 2011-12 भाजपा सरकार के शासन काल में लगभग 2 करोड़ 11 लाख 80 हजार की लागत से कुसमी-सामरी आईटीआई भवन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से भवन का निर्माण शुरू कराया। आईटीआई भवन निर्माण शुरू हुए 16 साल बीत जाने के बाद भी आज तक भवन निर्माणाधीन अवस्था में पड़ा हुआ है। भवन के कुछ ही दिन बाद आई टी आई छात्रावास की स्वीकृति शासन द्वारा दी गई जो कब का बन कर तैयार हो चुका है। आई टी आई छात्रावास भवन में ही कुसमी सेमरा में लगभग 10 वर्ष से प्रशिक्षण संस्थान संचालित की जा रही है। यह भवन इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए इकलौता एक तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान है। हैरानी की बात तो यह है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी इस भवन में आईटीआई की प्रशिक्षण संस्थान संचालित नहीं हो सका। ऐसे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण संस्थान में जो सुविधा मिलना चाहिए था वह नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में आईटीआई के विद्यार्थी अपने खुद के भवन से वंचित है और छात्र छात्रावास में ही प्रशिक्षण लेने को मजबूर है।



निर्माणाधीन आईटीआई भवन।

#### विशेष पहल करने की मांग

क्षेत्र के लोगों को कहना है कि काफी समय बीत जाने के बाद भी इस भवन में आईटीआई की प्रशिक्षण संस्थान संचालित नहीं हो पा रही है जो प्रशासन सहित क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर विषय है। क्षेत्र के लोगों ने सांसद चिंतामणि महाराज, क्षेत्रीय सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से इस पर विशेष पहल करने की मांग की है जिससे इस भवन में तत्काल आने वाले कुछ दिनों में आईटीआई की कक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सके।

#### भवन बना असामाजिक तत्वों का बसेरा

कुसमी सेमरा में आईटीआई भवन लगभग 16 वर्ष से निर्माणाधीन अवस्था में है। इधर आईटीआई प्राचार्य द्वारा भवन को हैंड ओवर लेने में आनाकानी करने के चलते अब भवन अनुप्रयोग पड़ा है। भवन को दिन व रात में सुनसान देखकर अब भवन नसेड़ी, जुआड़ी एवं असामाजिक तत्वों का बसेरा बन गया है। देख रेख के अभाव में भवन मे टाइल्स लगे कमरा में गंदगी पसर गया है। इसके अलावा कमरा में लगे हुए इलेक्ट्रिफिकेशन तक को चोर बड़े ही आसानी से उखाड़ चोरी कर ले गए है। ऐसे में शासन द्वारा दी गई राशि लगभग 2 करोड़ 11 लाख 80 हजार पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है।

#### नहीं लिए है भवन हैंड ओवर

आईटीआई भवन निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। यहां पानी की असुविधा है और भवन में कई जगह दीवारों पर दरार होने लगा है। भवन में बिजली फिटिंग कराया गया था जिसे चोर चोरी कर ले गए। यह भवन कभी भी गिर सकता है। जिस कारण भवन को हैंड ओवर नहीं लिया गया है।

-बृज नंदन नागवंशी
प्रभारी प्राचार्य कुसमी सेमरा

#### गुणवत्ता के साथ बनाया गया है भवन

भवन को गुणवत्ता के साथ बनाया गया है। भवन गिरने की बात प्राचार्य कर रहे है तो गलत है। भवन में पुटी सहित इलेक्ट्रिक वायरिंग सभी रूप में अच्छे से किया गया है। प्राचार्य द्वारा बोला गया था कि दो चौकीदार है जिसमें एक आईटीआई भवन की देख देख करने लेकिन देखरेख के अभाव में भवन से कीमत सामान चोरी हो गए। पानी के लिए बोर है जिससे काम चलाया जा सकता है।

-ज्योतिष कुमार तिग्गा
डीईओ लोक निर्माण विभाग



निरीक्षण करते बीईओ।

# स्कूल के निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शासकीय प्राथमिक शाला बगाड़ी में पदस्थ प्रधान पाठक की लापरवाही का मामला सामने आया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां प्रधान पाठक जुगुल बिहारी मौके पर अनुपस्थित पाए गए।

- अभिभावकों व ग्रामीणों से स्कूल के संबंध में की चर्चा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर स्कूल की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधान पाठक अक्सर विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं और कई बार शराब के नशे में स्कूल पहुंचते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार समझाइश दी गई, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीण सुनीता ने बताया कि 26 जनवरी के दिन भी प्रधान पाठक नशे की हालत में विद्यालय पहुंचे थे और बच्चों व ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया था। इसके बाद कुछ दिनों तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन फिर से वही स्थिति बन गई। ग्राम सरपंच हीरामणि देवी ने बताया कि प्रधान पाठक को लगातार अनुपस्थित व शराब पीकर आते है,उन्हें कई बार समझाइश दी गई लेकिन सुधार नहीं हुआ। प्रधान पाठक के विरूद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि प्रधान पाठक 15, 16 और 17 अप्रैल को बिना किसी सूचना के लगातार तीन दिनों तक विद्यालय से अनुपस्थित रहे। इस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रामीणों के बयान दर्ज कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि शिकायत गंभीर है और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक उद्धेश्वरी ने किया सीसी सड़क व नाली निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

तहसील कार्यालय मुख्य मार्ग से शासकीय महाविद्यालय तक सीसी सड़क व नाली निर्माण का सामरी विधायक उद्धेश्वरी री पैकरा ने भूमि पूजन किया है। लंबे समय से विद्यार्थियों और ग्रामीणों द्वारा इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी।

जानकारी के अनुसार यह निर्माण कार्य डीएमएफ मद से कराया जा रहा है। 27 लाख 74 हजार रुपये की लागत से लगभग 397 मीटर लंबी सीसी सड़क बनाई जाएगी, वहीं 16 लाख 65 हजार रुपये की लागत से करीब 300 मीटर नाली निर्माण की स्वीकृति मिली है। निर्माण पूर्ण होने से महाविद्यालय आने-जाने वाले छात्रों और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि कॉलेज की स्थापना हुए लगभग 12 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इस मार्ग का विकास नहीं हो पाया था। उन्होंने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे भी तेजी से जारी रखा जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीतन राम पैकरा ने कॉलेज परिसर में साइकिल स्टैंड निर्माण की मांग रखी, जिसे विधायक ने तत्काल स्वीकृति देते हुए घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, सरपंच सुषमा मरावी ने भी संबोधित किया। इस इस दौरान संजय सिंह, प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता, दीपेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



भूमिपूजन करती विधायक।

#### विधायक ने जताई नाराजगी

कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति पर विधायक ने नाराजगी भी जाहिर की। उन्होंने मंच से ही एसडीएम और तहसीलदार के कार्यक्रम में उपस्थित न रहने पर कड़ी फटकार लगाई। साथ ही इसे अफसरशाही करार देते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात भी कही।

# नारी शक्ति वंदन पद यात्रा में महिलाओं ने भारी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नारी शक्ति वंदन अधिनियम मोदी सरकार द्वारा संकल्प से सिद्धि तक की एक ऐतिहासिक यात्रा है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2026 की परिसीमन प्रक्रिया के तहत महिलाओं को नया और सशक्त अधिकार मिलेगा, जिससे उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व और भी मजबूत होगा। इस अधिनियम के जरिए भारत एक सशक्त लोकतंत्र के नए अध्याय में प्रवेश करेगा, जहाँ महिलाएं राजनीति में और समाज में अपनी भूमिका को और प्रभावशाली तरीके से निभा सकेंगी। उक्त बातें नारी शक्ति वंदन पद यात्रा में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कही।

नारी शक्ति वंदन पदयात्रा पुराना बस स्टैंड से शहर के मुख्य मार्ग होते हुए, हाई स्कूल ग्राउंड में पहुंची। जहां कार्यक्रम की समापन की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिंज के अध्यक्षता में कार्यक्रम की गई । कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री मंजू भट्ट ने किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित,सुमित्रा चेरवा, नपा उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जितेंद्र श्रीवास्तव, गौतम सिंह,अजय यादव, मंगलम पांडे, राजू गुप्ता, रजनी सोनी, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता सुविदा आयाम, गायत्री प्रजापति, अर्पण दीक्षित, अनीता मरकाम, सुनैना गुप्ता,अंजू लकड़ा, किरण पासवान, अंजू कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहे।



रैली में शामिल महिलाएं।



### गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने किया थाने का भ्रमण

**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर के स्कूल के बच्चों द्वारा थाना लखनपुर में थाना भ्रमण किया गया। बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक भी साथ में मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान बच्चों को थाना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल के बच्चों को गुड टच बैड टच, साइबर काइम, सीसीटीएनएस, यातायात नियमों की जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा थाना प्रभारी से विभाग के संबंध में प्रश्नोत्तरी भी किया गया। थाना भ्रमण के बाद सभी शिक्षक व बच्चो एक अलग ही उत्साह देखा गया। इस दौरान थाना प्रभारी संपत पोटाई, पीताम्बर सिंह, अमित गुप्ता, दशरथ राजवाड़े अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

**न्यायालय-द्वितीय जिला न्यायाधीश, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

प्रो.नं.- 463/20
व्यव.वा.प्र.क्र. 12 अ/2026
आगामी पेशी तिथि – 13/05/2026

नारायण ------------------------/वादी
प्रति
दशरथ ------------------------/प्रतिवादी

**नोटिस / ईश्तहार**

बनाम :-
दशरथ आ. जगन, जाति उरांव, निवासी ग्राम पचपेड़ी, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

आपको नोटिस/ईस्तहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदकगण द्वारा आपके के विरूद्ध व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक-12 अ/2026 नारायण प्रति दशरथ न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ श्रेणी अम्बिकापुर, के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश अम्बिकापुर जिला सरगुजा प्रथम व्यवहार अपील द्वारा व्य.वा. क. 83 ए / 2024 में पारित आलोच्य निर्णय एवं डिक्री दिनांक 02.01.2026 क्षुब्ध होकर प्रथम व्यवहार अपील प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादी को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादी को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादी को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस/ईस्तहार का प्रकाशन कराया जा रहा है। अतः आपको इस नोटिस / ईस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक-13/05/2026 को न्यायालयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 16/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(डॉ. सुमित कुमार सोनी)
न्यायालय-द्वितीय जिला न्यायाधीश
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 18 अप्रैल, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 19 अप्रैल, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यू एरा पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन






**रामानुजगंज**। न्यू एरा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा पारुल सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शाम्भवी गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा साक्षी पैकरा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शशांक कुमार गुप्ता 92.6 प्रतिशत, अनुश्री पॉल 91.8 प्रतिशत, कृष कुमार गुप्ता 86.2 प्रतिशत, अंशिका गुप्ता 84.8 प्रतिशत, रणवीर अग्रवाल 83.6 प्रतिशत, साक्षी चौरसिया 83 प्रतिशत एवं सुमायरा सदफ 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासन का परिणाम है। विद्यालय की निदेशक श्रीमती ज्योति गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार ने कहा कि विद्यालय में नियमित परीक्षण, अतिरिक्त कक्षाएं एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम के लिए तैयार किया जाता है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं के परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**राजपुर**। सेंट जेवियर्स स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल बन गया। इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा माही एक्का ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अंकिता रानी गुप्ता ने 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रिंसी शर्मा और निहाल तिवारी ने संयुक्त रूप से 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के नब्या केसरी 88.4 प्रतिशत, आरवी अग्रवाल 85.8 प्रतिशत, प्रिया गुप्ता 85 प्रतिशत, साक्षी मिंज 84.6 प्रतिशत, राज्ञा साहू 84.4 प्रतिशत, मृणाली सावरकर 83.4 प्रतिशत तथा आयुषी तिग्गा 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक निरंतर समर्पण भाव से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे हर वर्ष छात्र उत्कृष्ट परिणाम हासिल करते हैं और आगे उच्च शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक फादर आईजक कुजूर, प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा, उप-प्राचार्य सुरेश कुमार मिंज सहित समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कक्षा पहली में प्रवेश प्रारंभ

**प्रेमनगर**। पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश हेतु आवेदन 10 अप्रैल से 5 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराई गई है।ऑनलाइन आवेदन विद्यालय के पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है, जबकि ऑफलाइन आवेदन हेतु विद्यालय कार्यालय में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक फॉर्म जमा करने की व्यवस्था की गई है।

## युवाओं को मिलेंगे शोध कार्य के अवसर

# नए शिक्षा सत्र से एसजीजीयू शिक्षण विभाग अंतर्गत करेगा 25 नए, पाठ्यक्रमों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रारम्भ से ही विषमताओं से जूझ रहे संत गहिरा गुरू विवि ने अब अध्ययन एवं शोध कार्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विवि प्रबंधन आगामी सत्र से शिक्षण विभाग अंतर्गत 25 नए विषयों का अध्यापन शुरू करने की तैयारियों में जुटा है।

**खास बात**

- हिन्दू धर्म के प्राचीन ग्रंथों के साथ पढ़ेगें बारीकियों एवं कुरीतियों के बारे में

स्थापना के बाद से ही संत गहिरा गुरू विवि उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। कहने को तो विवि सभी आवश्यक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। विवि के शिक्षण विभाग के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक विभागों का संचालन हो रहा है। शोध कार्य के साथ समय पर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं साथ ही परीक्षा परिणाम भी घोषित किये जा रहे हैं लेकिन सही मायनों में स्थापना के 17 वर्ष का लम्बा समय गुजरने के बावजूद विवि अभी अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण तक तैयार नहीं कर सका है। पूर्व के अधिकारियों ने भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की तथा विवि परीक्षाएं आयोजित करने एवं परिणाम घोषित करने तक सिमटा रहा। भवन की समस्या विवि के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है। विवि प्रबंधन पिछले कुछ वर्षों से नए विषयों की पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति मांग रहा था। शासन ने आगामी सत्र से शैक्षणिक विभाग अंतर्गत 25 नए पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन पाठ्यक्रमों में 23 विषय विज्ञान, कला, वाणिज्य से संबंधित हैं वहीं दो विषय परंपरागत विषयों से अलग है। नए पाठ्यक्रमों में एक विषय रूरल टेक्नालॉजी है जिसमें ग्रामीण परिवेश से जुड़े खेती, पशुपालन सहित अन्य विधाओं में रोजगार परक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी तथा पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद युवा स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकेंगे। इस पाठ्यक्रम को सरगुजा के युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया जा रहा है। विश्वविद्यालय नए सत्र से हिन्दू अध्ययन विषय की शुरूआत करने की तैयारियां कर रहा है। यह पाठ्यक्रम जेएनयू, बीएचयू सहित देशभर के मात्र डेढ़ दर्जन विश्वविद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में यह पाठ्यक्रम संचालित करने वाला संत गहिरा गुरू विवि एकमात्र यूनिवर्सिटी है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित होंगी साथ ही शोध कार्य के अवसर मिलेंगे।




### होगी वेद उपनिषद् की पढ़ाई

हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी हिन्दू धर्म के प्राचीन ग्रंथ वेद, उपनिषद् वाल्मीकि रामायण, महाभारत सहित अन्य ग्रंथों का अध्ययन करेंगे। पाठ्यक्रम में निर्धारित 10 इकाइयों में तत्व विमर्श अंतर्गत हिन्दू धर्म के आधारभूत दर्शन, इसकी प्राचीनता, धर्म-कर्म विमर्श अंतर्गत राजधर्म, समाज धर्म, स्वधर्म एवं विभिन्न नाट्यों का अध्ययन करेंगे। विद्यार्थियों को पुनर्जन्म, जन्म बंधन, मोक्ष वैदिक परंपरा, पश्चिमी विधि एवं संस्कृत व्याकरण की प्रारम्भिक पढ़ाई करेंगे। पाठ्यक्रम में वर्षों से चली आ रही गलत परंपराओं एवं मिथकों को भी शामिल किया जाएगा।

### कार्यालय में हुई चर्चा

हिन्दू अध्ययन विषय का पाठ्यक्रम तैयार करने के संबंध में विवि द्वारा पिछले दिनों जेएनयू अंतर्गत संचालित स्कूल ऑफ संस्कृत एण्ड इंडियन स्टडीज के डॉ.रामनाथ झा, बीएचयू के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवकुमार त्रिपाठी, आईटीआई कानपुर के प्रो.नचिकेता तिवारी सहित अन्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित कार्यशाला में हिन्दू अध्ययन विषय के पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि भारत में मैला ढोने की प्रथा थी। मुगलों ने धर्म परिवर्तन कराने का भय दिखाकर इस प्रथा की शुरूआत की। पर्दा प्रथा के कारण सत्ता से जुड़े परिवारों की महिलाएं घर में शौचालय का उपयोग करती थी तथा मैला उठाने की जिम्मेदारी हिन्दुओं को सौंपी गई थी। कालांतर में यह प्रथा बन गई। पाकिस्तान में आज भी मैला उठाने का काम वहां के हिन्दू करते है। कश्मीर में धारा 370 लागू होने के पूर्व हिन्दू वाल्मीकि समाज के लोग यह काम करते थे। भारत में प्रारंभ से ही विभिन्न समुदाय के लोगों के साधु-संत के रूप में जीवन गुजारने की परंपरा रही है लेकिन वर्तमान में यह परंपरा सिर्फ एक जाति विशेष के लोगों के सन्यासी बनने एवं अपने सिद्धांतों को प्रसारित करने की चर्चा होती है। हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम में इन विषयों को भी शामिल किया जाएगा।

### विद्या परिषद् ने दी स्वीकृति

संत गहिरा गुरू विवि के विद्या परिषद् की बैठक बुधवार को भकुरा परिसर में हुई। बैठक में नए विषयों को प्रारंभ करने एवं इनके पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। विद्या परिषद् ने सभी 25 विषयों को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की। परिषद ने आगामी सत्र से पीएचडी के लिए विभिन्न कॉलेजों में आयोजित होने वाले कोर्स वर्क को विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित करने एवं शोधकार्य के लेखन में सुधार कर गुणवत्तायुक्त बनाने, शासकीय एवं अन्य नौकरियों को नियोजित व्यक्तियों के लिए पार्टटाइम शोधकार्य करने की स्वीकृति प्रदान की।

### तैयार किया जा रहा पाठ्यक्रम

आगामी शिक्षा सत्र से शिक्षण विभाग अंतर्गत विविध 25 नए पाठ्यक्रम संचालित करने की तैयारियां चल रही है। विवि द्वारा विशेषज्ञों के सहयोग से सभी विषयों का पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

-प्रो.रोहित लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



महिला जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते मंत्री राजेश अग्रवाल।

# महिला आरक्षण महिलाओं को सशक्त बनाएगा : मंत्री राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में भाजपा का नारी शक्ति वंदन अधिनियम संभाग स्तरीय सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। छग शासन मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता में आयोजित इस अतिथि स्वरूप कार्यक्रम में सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, डॉ.शारदा भगत एवं कुसुम मिंज विशेष रूप से उपस्थित रही।

सम्मेलन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने संबंधित करते हुए कहा कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत महिलाओं को विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित हुआ है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। महापौर मंजूषा भगत ने कहा पीएम मोदी की प्रेरणा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत भागीदारी देगा, जो छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए गौरव का विषय है। जिला पंचायत सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना हमारी जीत है, जिसे पीएम मोदी ने साकार किया। सम्मेलन को जिला महामंत्री अरूणा सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डॉ.शारदा भगत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में अतिथियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन फूलेश्वरी सिंह ने किया तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांगी बिहाड़े ने आभार प्रदर्शन किया। इसमें सह मीडिया प्रभारी रेणु सिंह, मधु चौदहा, अनुपमा, नीलम राजवाड़े, प्रियंका गुप्ता, ममता तिवारी, सावित्री जायसवाल, अनित गुप्त भारती, श्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसईसीएल की नर्सरी से पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र इन दिनों एक गंभीर पर्यावरणीय संकट से जूझ रहा है, जहां लकड़ी तस्करी का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह सब उस नर्सरी में हो रहा है, जिसे खुद प्रबंधन ने वर्षों पहले हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विकसित किया था। अब वही नर्सरी तस्करों के निशाने पर है और यहां लगे यूकेलिप्टस के सैकड़ों पुराने पेड़ धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक तस्कर रात के अंधेरे में योजनाबद्ध तरीके से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। कटाई के बाद लकड़ियों को तुरंत बाहर नहीं ले जाया जाता, बल्कि नर्सरी परिसर में ही छोड़ दिया जाता है। इसके बाद दिन के उजाले में इन्हें छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर आसानी से बाहर खपाया जा रहा है, जिससे पूरे अवैध नेटवर्क का पता लगाना और भी मुश्किल हो गया है। इस पूरे मामले में चिंताजनक पहलू यह भी है कि तस्करों द्वारा छोड़ी गई लकड़ियों की छंटाई और उठाव के काम में आसपास के ग्रामीणों की भागीदारी भी बढ़ती जा रही है। आर्थिक लालच या मजबूरी के चलते कई लोग इस अवैध गतिविधि का हिस्सा बनते जा रहे हैं, जिससे समस्या और गहराती जा रही है। वहीं दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही अवैध कटाई के बावजूद न तो सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और न ही किसी तरह की सख्त कार्रवाई सामने आई है। इससे तस्करों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।विडंबना यह है कि हर साल विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रबंधन द्वारा पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन यह आयोजन अधिकतर कागजी कोरमपूर्ति तक ही सीमित रह जाते हैं। एक ओर मंचों पर हरियाली बचाने के दावे किए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी क्षेत्र में वर्षों पुराने पेड़ अवैध कटाई की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इससे प्रबंधन की नीयत और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का मानना है कि इस तरह की अंधाधुंध कटाई से न केवल हरियाली खत्म हो रही है, बल्कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन भी बिगड़ रहा है। यूकेलिप्टस जैसे पेड़ मिट्टी की संरचना को बनाए रखने और जल संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। इनके समाप्त होने से भविष्य में सूखा, मिट्टी कटाव और तापमान वृद्धि जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एसईसीएल प्रबंधन से नर्सरी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की जा रही है।

### लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद, क्षेत्र में थम नही रही लकड़ी की अवैध कटाई

**सीतापुर**। बिना अनुमति के क्षेत्र में लकड़ी की अवैध कटाई दिनो दिन बढ़ता जा रहा है।क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर प्रशासनिक अनुमति के बिना क्षेत्र में बेखौफ होकर अवैध रूप से पेड़ो की कटाई कर रहे है। लकड़ी तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि बेखौफ होकर पेड़ो की कटाई कर रहे। हैरानी की क्षेत्र में अवैध पेड़ो की कटाई जोरों पर है बाजवूद इसके न तो पुलिस प्रशासन और न ही जिला प्रशासन किसी प्रकार की कार्रवाई कर रहे जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है। विदित हो कि क्षेत्र में बिना प्रशासकीय अनुमति के बिना ही लंबे समय से अवैध रूप से पेड़ो की कटाई जा रही है। इस काम मे दूसरे प्रांत खासकर यूपी के लकड़ी तस्कर सक्रिय हैं जो संगठित होकर क्षेत्र में घटना को अंजाम दे रहे है। लकड़ी तस्करों के लिए नियम कायदे कोई मायने नहीं रखते। इनके विरुद्ध वन विभाग ने कई बार कार्रवाई कि लेकिन कोई फर्क नही पड़ा। आलम यह है कि कार्रवाई के बाद वन विभाग का पूरा कैंपस अवैध लकड़ी लोड़ ट्रकों से भर गया है। दो दिन पूर्व ग्राम देवगढ़ से वन विभाग ने अवैध लकड़ी लोड ट्रक को जब्त किया है। ट्रक में बिना अनुमति के अवैध रूप से काटी गई नीलगिरी की लकड़ी भरी हुआ थी। जिसे क्षेत्र में सक्रिय अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे। लेकिन समय रहते वन विभाग को इसकी भनक लग गई और मौके पर जाकर वनकर्मी ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 6501 को जब्त कर कार्यालय ले आए। इस दौरान जब्त ट्रक को छुड़ाने कुछ नेताओं ने काफी दबाव बनाया लेकिन वन विभाग ने किसी की नहीं सुनी। वन विभाग ने जब्त ट्रक के विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी के निर्देश पर सुनयना एक्का, राजू बेक, जुएल बरवा, ललिता मिंज, अविनाश, अनुराग तिग्गा सक्रिय रहे।



# अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल, लोगों को किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस लाईन में नगर सेना के अग्निशमन दल द्वारा पुलिस अधिकारी व जवानों को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान शांत रहने के महत्व पर जानकारी दी गई। जिले में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित होंगे जिसके तहत अग्निशमन दल के द्वारा स्कूल, कॉलेजों, कारखानों व महत्वपूर्ण स्थानों पर आग लगने के दौरान जान-माल की सुरक्षा कैसे कर सकते है उसके लिए डेमो देकर जानकारी साझा की जाएगी।

इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि जब हम वर्दी धारण कर किसी घटना-दुर्घटना, आग जैसी उत्पन्न आपात स्थिति में राहत और बचाव के लिए पहुंचते है तो सभी को लगता है कि हम सब इस चुनौती से निपटने के लिए प्रशिक्षित है। ऐसे परिस्थिति से निपटने के लिए हमें प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है ताकि हम लोगों की जान बचा सके। इस ड्रिल में आग से बचाव, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और आग लगने के दौरान अपनी और वहां मौजूद लोगों को किस तरह से सुरक्षित बाहर निकाला जाए। ऐसी स्थिति में सावधानी बरतते हुए सुरक्षा को पहले रखें, अगर आग बड़ी है तो सतर्कता बरते, घबराए नहीं, सुरक्षित स्थान पर पहुंचे, अग्निशमन दल के पहुंचने का इंतजार करें। एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि कारखाने, संस्थानों सुनिश्चित करें कि अग्निशामक यंत्र उपलब्ध हों और काम कर रहे हों। इस अवसर पर जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि आग लगने पर सबसे पहले शांत रहकर कॉल करने, बिजली का मुख्य स्विच बंद करने और यदि आग छोटी है तो फायर एक्सटिंग्यूशर या गीले कंबल का उपयोग करें। धुएँ से बचने के लिए झुककर बाहर निकलें, भीड़ न लगाएं और निकास मार्ग खुला रखें। इस दौरान निरीक्षक जावेद मियांदाद, राजेन्द्र साहू, उप निरीक्षक अग्निशमन राकेश पांडेय, पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।






## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल



**अम्बिकापुर**। तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 19 अप्रैल को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.गौरीशंकर सिंह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ.रितेश रंजन, हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीतक धाबलिया, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.शोभिक चन्द्रा, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.सुशांत संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## बिजनेस प्लस

### अलंकार टाइम एंड ऑप्टिकल्स के मशीनों से प्रभावित हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव



**अम्बिकापुर**। शहर के महामाया चौक समीप स्थित अलंकार टाईम एंड ऑप्टिकल्स के शुभारम्भ के अवसर पर 16 अप्रैल को पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस.सिंहदेव का शुभागमन हुआ। दीप प्रज्वलित करके उन्होंने शॉप के भव्य साज सज्जा एवं स्टॉक की प्रशंसा की। उन्होंने आधुनिक नेत्र परीक्षण की मशीनों का निरीक्षण किया और उससे प्रभावित हुए। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक भी उपस्थित थें। कार्यक्रम में श्रीमती श्यामा स्वर्णकार, डॉ. एलपी सोनी,डॉ.पुष्पा सोनी एवं स्वर्णकार परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थें। इसके पूर्व 15 अप्रैल को दीप प्रज्वलन पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रवि त्रिपाठी व पार्षद राहुल त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती प्रियंका गुप्ता एवं चंद्रशेखर तिवारी उपस्थित थें। उल्लेखनीय है कि अलंकार टाईम एंड ऑप्टिकल्स के पुनः उद्घाटन का एक उत्सव के रूप में एक सप्ताह तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर भारी संख्या में नागरिक,डॉक्टर,वकील एवं व्यवसायी आकर अपनी शुभ कामनाएँ प्रेषित कर रहे हैं।शहर के प्रख्यात शायर श्याम कश्यप बेचैन जिन्हें हाल ही में नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर की ग़ज़ल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार से जावेद अख़्तर की उपस्थिति मे नवाज़ा गया था उनके द्वारा शॉप मे दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर प्रभु नारायण वर्मा, रमेश द्विवेदी, रवींद्र स्वर्णकार द्वारा उन्हें शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।




